संक्षिप्त

थिरोदा का भव्य अभिनंदन

मेड़ता सिटी,(निसं)। मेड़ता समाज सेवी व युवा नेता रामेश्वर थिरोदा का सोमवार को महंत हरिनारायण महाराज द्वारा भव्य अभिन्दनंद किया गया। संत हरिनारायण महाराज ने बताया कि समाज सेवी , सेवा का भाव रखने वाले रामेश्वर थिरोड़ा का उनके जन्मदिन के अवसर पर अभिनंदन किया गया। थिरोड़ा हमेशा सेवा का भाव रखने वाले इंसान हे और हमेशा जनता की सेवा में लगे रहते हे। इस मौके कलरू सरपंच व मेड़ता विधायक के पुत्र अशोक मेघवाल, राजू रुणवाल ,महेन्द्र भाकर व सुरेश गुर्जर सहित कई प्रतिनिधि मौजूद थे।

बिजली की आंख मिचोली से परेशान

सरवाड़, (निसं)। शहर में इन दिनों बार-बार बिजली कटौती करने से शहरवासी परेशान नजर आ रहे हैं वहीं गर्मी के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आ रहे हैं विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते लोग परेशान नजर आ रहे हैं वहीं शहरवासियों ने कई बार अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं मगर बिजली की आंख मिचौली बंद नहीं हो रही है जिसके चलते लोगों में रोष देखने को मिल रहा है आखिर में कब विद्युत विभाग शहरवासियों को राहत पहुंचा पाएगा

बिजली बंद रहेंगी आज

मसूदा, (निसं)। मसूदा विधुत वितरण निगम के कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि आज मंगलवार 19 अगस्त को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 तक आवश्यक रखरखाव और मरम्मत के चलते 11 केवी फीडर मसूदा प्रथम से जुड़े इन क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। देवमाली रोड मौर्य पेट्रोल पंप देवनारायण आवाश्य विद्यालय, देवमाली गेट, देवमाली मंदिर एवं देवमाली रोड से जुड़े क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

दादाबाड़ी में पर्यूषण महापर्व कल से

अजमेर, (कासं)। जैन समाज के सबसे बड़ा पर्व पर्वाधिराज पर्यूषण महापर्व बुधवार से शुरू होंगे। श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के प्रवक्ता रिखब सुराना ने बताया कि दादाबाड़ी में पर्यूषण महापर्व 20 अगस्त से मुनिवर सम्यकत्न सागर और दादाबाड़ी जीर्णोद्धार प्रेरिका साध्वी मनोहर श्रीजी मसा के सानिध्य में आठ दिनों तक मनाया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन प्रवचन, कल्पसूत्र वाचन, महावीर स्वामी जन्मोत्सव, संवत्सरी महापर्व के आयोजन होंगे। प्रातः 7 बजे से महाभिषेक स्नात्र पूजा प्रतिक्रमण आंगी रचना और रात्रि में परमात्मा की भक्ति का आयोजन होगा। 7 सितम्बर को दादागुरूदेव की बड़ी पूजा और स्वधर्मीवात्सल्य का आयोजन होगा। पर्वाधिराज पर्यूषण महापर्व श्री जैन श्वेताम्बर तपागच्छ संघ अन्तर्गत साध्वी ज्योति दर्शना महाराज आदि ठाणा की पावन निश्रा में भादवा वदि बुधवार 20 अगस्त से प्रारम्भ हो रहे।

शिक्षा के विकास में शिक्षकों की अहम भूमिका, नई शिक्षा नीति समग्र विकास की वाहक-राठौड़

- बोर्ड एवं एनसीईआरटी के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू
- शिक्षकों को दी दक्षता आधारित मूल्यांकन एवं प्रश्न-पत्र निर्माण की जानकारी

अजमेर, (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रशासक एवं संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ ने कहा कि हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड एचपीसी आज समय की जरूरत है। वर्ष 2047 तक शिक्षित भारत का संकल्प शिक्षा के द्वारा ही संभव है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं एनसीईआरटी के परफॉरमेंस असेसमेंट, रिव्यू एंड एनालिसिस ऑफ नॉलेज फॉर होलिस्टिक डवलपमेंट परख के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ प्रशासक एवं संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में हुआ। यह कार्यशाला 18 से 22 अगस्त तक आयोजित की जाएगी।

बोर्ड प्रशासक शक्ति सिंह राठौड़ ने संबोधन में कहा कि 2047 तक विकसित भारत का सपना शिक्षा के द्वारा ही संभव है और इसमें शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण है वर्तमान में जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से क्रांतिकारी बदलाव से वर्चुअल टीचर्स विकसित हो रहे हैं ऐसे में शिक्षकों को अपनी भूमिका बदलने की आवश्यकता है। नवीन शिक्षा नीति के अनुसार मूल्यांकन अब अंको के साथ विद्यार्थियों की समग्र क्षमताओं और जीवन कौशल को भी परिलक्षित करेगा। होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड विद्यार्थियों की शिक्षा यात्रा को सम्पूर्ण रूप में दर्शाता है जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ जीवन कौशल, अभिरुचि और व्यक्तित्व विकास के पहलुओं को भी महत्व दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शिक्षा मानव सभ्यता के इतिहास का अहम कारक रही है और विश्व में बड़े परिवर्तन का सबसे बड़ा कारक भी शिक्षा ही है। उन्होंने इस पहल को एनसीईआरटी एवं बोर्ड की ओर से एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रशिक्षण के उद्देश्य को गंभीरता से ग्रहण कर प्रभावी रूप से लागू करना आवश्यक है।

सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य माध्यमिक एवं सेकेंडरी स्तर पर होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड की रूपरेखा से शिक्षकों को अवगत कराना और प्रश्न पत्र निर्माण की मानकीकृत टेम्पलेट प्रणाली विकसित करना है, उन्होंने कहा कि कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षणार्थियों को समग्र प्रगति पत्र की संरचना और उपयोगिता के बारे में जानकारी देंगे तथा प्रश्न पत्रों को संतुलित, पारदर्शी और योग्यता आधारित बनाने की प्रक्रिया से अवगत कराएंगे।

उन्होंने कहा कि अच्छे प्रश्न पत्रों के निर्माण से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए मूल्यांकन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा तथा कार्यशाला में इस बात पर भी चर्चा होगी कि नवीन शिक्षा नीति के अनुरूप बोर्ड मूल्यांकन में क्या नवाचार कर सकता है।

इस अवसर पर वित्तीय सलाहकार रश्मि बिस्सा, विशेषाधिकारी नीतू यादव, निदेशक अकादमिक दर्शना शर्मा, सहायक निदेशक उमेश चौरसिया, निदेशक गोपनीय गीता पलासिया, सहायक निदेशक संपदा अजय बंसल, प्रवीण शर्मा, विवेक, सहायक निदेशक उमेश चौरसिया, निदेशक गोपनीय गीता पलासिया, सहायक निदेशक संपदा अजय बंसल सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

शहर में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने की मांग

- युवा कांग्रेस ने सौंपा एसपी को ज्ञापन

अजमेर,(कासं)। अजमेर शहर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहित मल्होत्रा ने सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा को पत्र लिखकर शहर में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने और पुलिस गश्त बढ़ाने कि मांग की। शहर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित मल्होत्रा ने एसपी को लिखे पत्र में बताया कि पुलिस द्वारा नियमित गश्त के दावे खोखले साबित हो रहे है, शहर में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं।

रामगंज थाने से मात्र 400 मीटर दूरी पर दो गुटों में आधे घंटे तक खूनी संघर्ष चलता रहा और पुलिस को सूचना तक नहीं मिली। इसी तरह केसरगंज चौकी से 200 मीटर पर महिला से पर्स लूट लिया गया, जिसकी जानकारी चौकी तक नहीं पहुंची, इस तरह की आपराधिक गतिविधियां पूरे शहर में जगह-जगह बढ़ती जा रही है। बढ़ती आपराधिक घटनाएं यह दर्शाती हैं कि अपराधियों में पुलिस का भय समाप्त हो चुका है और पुलिस प्रशासन की गंभीर लापरवाही उजागर हो रही है। युवा कांग्रेस ने एस पी से जनता के हितों की मांग करते हुए कहा कि शहर के जिस थाना क्षेत्र में अपराध घटित हो, संबंधित अधिकारी को लाइन हाजिर कर कार्यवाही की जाए, पुलिस को आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने हेतु कड़े निर्देश दिए जाएं। अपराधियों में भय उत्पन्न करने के लिए ठोस कदम उठाए जाए। उन्होंने कहा कि इस गंभीर विषय पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही हो, जिससे शहरवासियों में सुरक्षा की भावना स्थापित हो सके। ज्ञापन देने वालों में नितिन जैन, अमित टांक, संजय मेघवंशी, इलियास खान, सौरभ जैन, हिमांशु गर्ग, ओमप्रकाश मंडावरा, अजय ठाकुर, भानु कांत, अभिनव भटनागर, हर्ष मीणा, गोविंद खंगारोत, गर्व दत्त, अंकित पंवार, दीपेंद्र चितारा, विक्रम चौहान, राहुल सिंगला, आदि उपस्थित पद अधिकारी थे।

राज मोहिनी का अंतिम संस्कार

अजमेर, (कासं)। प्रगति नगर कोटड़ा स्थित ताराचंद हुंदल दास खानचंदानी सेवा संस्था की श्री अमरापुर सेवा घर वृद्धा आश्रम में दिल्ली निवासी 85 वर्षीय राज मोहिनी पुत्री स्वर्गीय पंडित देशराज का सोमवार सुबह निधन हो गया, जिसे आश्रम के ट्रस्टीयों व आवासियों ने मिलकर उनका अंतिम संस्कार किया। संस्था के अध्यक्ष कंवल प्रकाश ने बताया कि पिछले 18 माह से राज मोहिनी आश्रम में रह रही थी, जिसकी कोई संतान नहीं थी, उनके दूर के रिश्तेदारों को सुबह सूचित किया गया, जय अम्बे मंदिर द्वारा उपलब्ध शव वाहन से ऋषि उद्यान श्मशान घाट पर ले जाया गया। उसके बाद विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया।

लैब टेक्निशियनों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

- निजी कंपनियों से जांच समझौते का जताया विरोध
- कलेक्टर को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

अजमेर, (कासं)। राजस्थान सरकार द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर जांच सेवाओं के लिए निजी कंपनियों के साथ किए गए समझौते को लेकर सोमवार को अखिल राजस्थान लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ ने कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने प्रदर्शन के बाद कलेक्टर को मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया है। प्रदेश की समस्त जांचों को निजी हाथों में देने को लेकर विरोध जताया है।

लैब टेक्नीशियन संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि अखिल राजस्थान लैब टेक्नीशियन कर्मचारी संघ की ओर से पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय व्यापी आंदोलन किया जा रहा है। आज अजमेर में भी कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर लोकबंधु को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के नाम ज्ञापन दिया है। राज्य सरकार ने पिछले दिनों एमओयू करके जांचों को निजी हाथों में देने की योजना बनाई है। सोमवार को अखिल राजस्थान लैब तकनीशियन एसोसिएशन के आव्हान पर प्रदेशभर में जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन हुए।

अजमेर में जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के लैब तकनीशियनों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर लोक बंधु के माध्यम से मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि ज्ञापन में सरकार से इस समझौते पर पुनः विचार करने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना और दवा योजना का पहले से ही प्रदेश की जनता लाभ ले रही है। ऐसे में निजी कंपनियों से नया समझौता सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय भार डालेगा। साथ ही इससे सरकारी लैब तकनीशियनों की भूमिका गौण हो जाएगी।

नई भर्तियों की मांग : राठौड़ ने कहा कि यदि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना चाहती है तो नई भर्तियां शुरू करे और बेरोजगार लैब तकनीशियनों को रोजगार का अवसर दे। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि चिकित्सा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। नए समझौते के तहत पीएचसी और सीएचसी पर 145 प्रकार की जांचें उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, शुगर टेस्ट, थॉयराइड टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, लिवर फंक्शन टेस्ट और विटामिन बी-12 टेस्ट सहित अन्य जांचें शामिल हैं।

दिल दिया है, जान भी देंगे, ऐ वतन तेरे लिए...

- आज़ादी के 79 वें वर्ष में इल्मस के 79वां संगीतमय सफ़र में देशभक्ति तरानें गूंजे

अजमेर, (कासं)। इंडिया इंटरनेशनल म्यूजिक लवर्स सोसायटी (इल्मस)ने देशभक्ति गीतों और सुरों से ओतप्रोत एक यादगार संध्या का आयोजन किया। 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' के 79 वें संगीतमय सफ़र के अंतर्गत आयोजित छठा देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम 'आज़ादी के तराने' शास्त्री नगर रोड स्थित एक होटल में देशभक्ति के उल्लास में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान खो-खो संघ के उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी भंवर सिंह पलाड़ा ने जब हाथ में तिरंगा झंडा लहरा कर दिल दिया है जान भी देंगे ए वतन तेरे लिए गीत गुनगुनाना शुरू किया तो पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा, उन्होंने अपने उद्बोधन में संस्था की सेवाभावना और सकारात्मक उद्देश्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों में मेरे देश की धरती, यह देश है वीर जवानों का, आई लव माय इंडिया, भारत का रहने वाला हूं , संदेशे आते हैं , ए मेरे प्यारे वतन, दिल दिया है जान भी देंगे, देश रंगीला, गीतों पर रानी चौधरी और अन्य सदस्यों ने तिरंगे झंडों के साथ आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष गणेश चौधरी, उपाध्यक्ष डॉ. दीपा थदानी और गोपेंद्र सिंह राठौड़, निदेशक कुंज बिहारी लाल, महासचिव अशोक दरियानानी, तथा सांस्कृतिक सचिव रश्मि मिश्रा, ऊषा मित्तल, चंदन सिंह भाटी, अनिल जैन, नीरज आर्य, रविंद्र जोधावत, नीरज वंदना मिश्रा, दिनेश पंवार, डॉ सुमन कविया, डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. विकास सक्सेना, शरद शर्मा, अब्दुल सलाम कुरैशी, मोहन मिश्रा, कुमकुम जैन, लक्ष्मण हरजानी और नरेंद्र यादव, आलोक वर्मा, डॉ. एसएन भट्ट, श्याम पारीक, मीना खियालानी, दीपक भार्गव ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। संस्था की ओर से मुख्य अतिथि भंवर सिंह पलाड़ा को मोतियों की माला, दुपट्टा और शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया और मंच संचालन करुणा टंडन ने अपने जोशीले और ऊर्जावान अंदाज में किया।

छात्राओं को हाइटेक कम्प्यूटर, स्मार्ट बोर्ड एवं प्रोजेक्टर की सुविधा

ब्यावर (निसं) श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में छात्राओं की आधुनिक शिक्षा के लिए 56 हाइटेक कम्प्यूटर, स्मार्ट बोर्ड, प्रोजेक्टर से सुसज्जित दो पूर्णतः वातानुकूलित बोहरा कम्प्यूटर लैब एवं भवंरलाल गोठी पब्लिक सी.सै. स्कूल में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु नवनिर्मित वातानुकूलित आधुनिक फर्नीचर से परिपूर्ण रांका ब्लॉक का सामूहिक उद्घाटन बैण्ड की सुमधुर ध्वनि में नवकाहाइटेक कम्प्यूटर, स्मार्ट बोर्डर मंत्र एवं भगवान श्री गणेश की स्तुति के साथ किया गया ।श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा इस अवसर पर शैक्षिणक इकाइयों के भौतिक विकास एवं उन्नयन में सहभागिता प्रदान करने हेतु भामाशाह परिवार व अतिथियों का अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।जिसमें चेन्नई निवासी भामाशाह राकेश कुमार रांका एवं उनके पुत्र केसर मरुधर रांका एवं भामाशाह अशोक बोहरा का स्वागत एवं अभिनंदन अध्यक्ष सुनील खेतपालिया,मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढ़ा ने माल्यार्पण, शॉल, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया । चैन्नई निवासी पवन खींवसरा एवं वीणा खींवसरा का भी माल्यार्पण, शॉल , साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट अभिनंदन एवं स्वागत किया गया।कार्यक्रम में भामाशाह रिखबचंद, पवन कुमार, विशाल कुमार खींवसरा मरुधर बाबरा हाल मुकाम माधावरम-चैन्नई द्वारा भंवरलाल गोठी पब्लिक स्कूल में आधुनिक विज्ञान लैब्स हेतु इक्कीस लाख रू. के अर्थ सहयोग हेतु स्वीकृति प्रदान की ।

सरवाड़ रैगर समाज के अध्यक्ष बने पूर्व पार्षद लालाराम कोमल

सरवाड़, (निसं)। शहर में रेगरान समाज की आम सभा की मीटिंग आयोजित हुए यह मीटिंग बाबा रामदेव मंदिर परिसर में आयोजित की गई इस अवसर पर मीटिंग की अध्यक्षता बाबूलाल रेगर की उपस्थिति में आयोजित हुई जिसमें सर्व समिति से लालाराम (पूर्व पार्षद) को अध्यक्ष पद पर चुना गया साथ ही निम्न कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमें उपाध्यक्ष कालूराम रेगर संरक्षण रामपाल रेगर महामंत्री गोपाल रेगर मंत्री छोटू राम रेगर संगठन मंत्री रामदेव रेगर प्रचार मंत्री श्रवण लाल रेगर कोषाध्यक्ष शंकर लाल रेगर लेखा निरीक्षक सूरज कुमार रेगर को पद पर चुना गया। इस दौरान कार्यकारिणी सदस्य में कानाराम रेगर, राधेश्याम रेगर, नोरतमल बडोलिया, भगवान रेगर, प्रहलाद रेगर, पुरण रेगर, रामधन रेगर, सूरज रेगर, शंकर रेगर, मुन्ना रेगर व नंदकिशोर करावालियां को कार्यकारी सदस्य में चुना गया। इस दौरान अध्यक्ष लालाराम को माला व साफा बंधवाकर स्वागत किया गया इस मौके पर समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

लोहागल से जनाना अस्पताल तक 6 लेन बनेगी सड़क, 20.28 करोड़ आएगी लागत

- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया निर्माण कार्य का शुभारम्भ

अजमेर, (कासं)। सीकर, परबतसर और पुष्कर बाइपास सहित जनाना अस्पताल जाने वाले हजारों लोगों के लिए राहत भरी खबर है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई जा रही लोहागल तिराहे से जनाना अस्पताल 6 लेन सड़क कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। यह सड़क 20.28 करोड़ रूपये की लागत से बनेगी। इसमें डामर व सीसी सड़क, नालियां व डिवाइडर बनाएं जाएंगे।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र की यह सड़क जनाना अस्पताल जाने वाली मुख्य सड़क है। अस्पताल जाने वाली गर्भवती महिलाओं को सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शास्त्री नगर से लोहागल तिराहे तक सड़क सुधारी जा चुकी है। आगे की सड़क क्षतिग्रस्त होने, झटके लगने, और खड्डे होने से गर्भवती महिलाओं को परेशानी होती है। साथ ही यह सड़क सीकर, परबतसर, नागौर और पुष्कर बाईपास पर आने जाने वाले वाहनों और इस रोड पर पड़ने वाले दर्जनों गांवों के लिए भी महत्वपूर्ण रोड है। ऐसे में इस सड़क को सुधारा जाना अति आवश्यक था। देवनानी ने कहा कि अजमेर आज एक नई करवट ले रहा है। लोहागल क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अजमेर उत्तर में विद्युत आपूर्ति के लिए गैस आधारित जीएसएस भी स्थापित किया जाएगा। आमजन की सुविधाओं के लिए जल, विद्युत और सड़क जैसे मूलभूत विकास कार्य प्राथमिकता पर किए जा रहे हैं। यह सड़क राजमार्ग के समकक्ष होगी और नागौर आने-जाने वाले आगंतुकों के लिए यह एक नया बदलता अजमेर प्रस्तुत करेगी। डिवाइडर और नालों सहित यह सड़क 20 करोड़ की लागत से निर्मित होगी। इसका निर्माण कार्य भी निर्धारित समय में पूर्ण किया जाएगा। पिछले डेढ़ वर्ष में ही अजमेर में करोड़ों रूपए की लागत से सड़कों और नालों का निर्माण कार्य किया गया है।

बाल एकांकी नाट्य समारोह का आगाज़ सितम्बर में

अजमेर, (कासं)। आप-हम एवं सपना संस्था द्वारा आयोजित 21वां अजयमेरू बाल एकांकी नाट्य समारोह को लेकर संस्था कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह की आयोजन की तिथि व व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया। समारोह सितम्बर माह में आयोजित किया जायेगा। संस्था अध्यक्ष विष्णु अवतार भार्गव ने बताया कि समारोह विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श के साथ सम्मान समारोह पर भी चर्चा की गई। बैठक में इस वर्ष निर्णय लिया गया कि समारोह में हिन्दी एवं राजस्थानी के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा के नाटकों को भी शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे।

दरगाह मंसूर अली बाबा की लंगर कमेटी की मीटिंग संपन्न

- 99 वें उर्स मुबारक मौके पर आने वाले जायरीन और मेहमानों की बेहतरीन मेहमान नवाजी के लिए बनी हजरत मंसूर अली दरगाह लंगर कमेटी की मीटिंग शहजाद खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई

भीलवाड़ा / तेजाजी चौक स्थित हजरत मंसूर अली (र.अ.) के आगामी 99 वें उर्स मुबारक मौके पर आने वाले जायरीन और मेहमानों की बेहतरीन मेहमान नवाजी के लिए बनी हजरत मंसूर अली दरगाह लंगर कमेटी की मीटिंग शहजाद खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कमेटी के सरपरस्त असलम पठान ने बताया कि तीन दिवसीय उर्स आगामी 21 से 23 सितंबर को तेजाजी चौक स्थित दरगाह पर आयोजित होंगे, उर्स को लेकर मीटिंग में लंगर से जुड़े कार्यों को लेकर व्यापक चर्चा की गई और जायरीनों के खाने पीने और ठहराने के बेहतरीन इंतेजाम को लेकर कमेटी के सदर आजाद शाह की अध्यक्षता में 7 पदाधिकारीयों की लंगर प्रबंधन कमेटी का गठन किया गया जिसमें सलीम पठान, फिरोज मंसूरी, इकबाल पठान, इमरान खां पठान, शानू सिलावट और सलीम मंसूरी को सदस्य बनाया गया । यह कमेटी लंगर के बेहतरीन इंतेजामात के लिए वॉलियंटर की नियुक्ति करेगी और सभी सदस्य गण उर्स में कमेटी का बैच लगाकर कार्य करेंगे। भाजपा नेता पठान व धार्मिक यात्री खान का किया सम्मान अभी हाल ही में घोषित भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी में मुस्लिम समुदाय को प्रतिनिधित्व देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता अब्दुल रशीद पठान को कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने तथा उमराह के सफर पर जाने वाले गफ्फार खान का मीटिंग में मुस्लिम समुदाय की ओर से कमेटी द्वारा फूल माला एवं साफा बांधकर अभिनंदन किया गया , इस मौके पर कमेटी ने भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा का आभार व्यक्त किया । नवगठित लंगर कमेटी का किया अभिनंदन मीटिंग में उपस्थित विशेष अतिथियों द्वारा आगामी उर्स के लिए नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को फूल माला व साफा बांधकर प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई ।

मीटिंग में अकबरी अखाड़े के उस्ताद आरिफ मोहम्मद मेवाफरोश, अंजुमन हायर सेकेंडरी स्कूल एवं दरगाह के चेयरमैन व पार्षद उस्मान खां पठान, सुफियान कब्रिस्तान कमेटी के सदर असलम खान पठान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे ।कार्यकारिणी सदस्यों में मेहबूब पेंटर, जाकिर हुसैन, आसिफ मीर, रफीक शेख, अल्फ़ेज़, मोहम्मद तनवीर, अमान पठान, शोएब खान ने शिरकत की ।

आम सूचना

मेरे दादाजी मुला पुत्र छोगा जाति जाट निवासी जुगलीपुरा की मृत्यु दिनांक 1.4.1999 को मेरे निवास स्थान जुगलीपुरा में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत सिरोंज में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे दादाजी मुला का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। प्रार्थी- कृपालराम जाट पुत्र, छोटूराम जाति जाट निवासी ग्राम जुगलीपुरा, तहसील अरांई(अजमेर)

आम सूचना

हमारी साझेदारी फर्म मै. कुमावत फिलिंग स्टेशन रजिस्टर्ड कार्यालय खसरा नं. 1332, 1333, एनएच-79 अजमेर रोड टांटोटी चौराहा के पास , बान्दनवाडा, अजमेर राज. 3056211 जिसका रजिस्टर नम्बर 17/01/18/2003 दिनांक 1.3.2003 है उक्त साझेदारी फर्म में 1.3.2003 से निम्न साझेदार है 1. हरदेव कुमावत पुत्र रामलाल कुमावत 2. ब्रह्मदेव कुमावत पुत्र हरदेव कुमावत है। उक्त फर्म में दिनांक 5.8.25 को निम्न परिवर्तन किए गए है। मृत्यु के कारण सेवा निवृत्ति साझेदार 1. हरदेव कुमावत पुत्र रामलाल कुमावत/नवीन साझेदार 1. इन्द्रदेव कुमावत पुत्र हरदेव कुमावत/वर्तमान में उक्त फर्म में निम्न साझेदार है। 1. ब्रह्मदेव कुमावत पुत्र हरदेव कुमावत/उक्त परिवर्तन में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत जिला उद्योग केन्द्र, अजमेर पर सूचित करें, बाद मियाद किसी वाद पर विचार नहीं किया जाएगा।

कुमावत फिलिंग स्टेशन वान्दनवाड़ा

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की जे.पी.नगर, मदार योजना के व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 11 क्षेत्रफल (17.50 वर्गगज या 14.63 वर्गमीटर) के आवंटी/अन्तरिति श्री कमल पंवार पुत्र श्री प्रकाश चन्द मोदी निवासी 360/19, नला बाजार अजमेर की मृत्यु दिनांक 12.10.2016 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमशः सुश्री सिमरन पंवार पुत्री स्व. श्री कमल पंवार एवं सुश्री मोनिका पंवार पुत्री स्व. श्री कमल पंवार निवासी (दोनों) अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती रानी पंवार पत्नि स्व. श्री कमल पंवार निवासी 360/19, नला बाजार अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 04.08.2018 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। - योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की राजस्व ग्राम लोहागल योजना के आवासीय/व्यावसायिक खसरा संख्या 793, एवं 797 मिन, भूखण्ड संख्या 25 एवं क्षेत्रफल 200 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री सैयद अब्दुल रहीम पुत्र श्री सैयद अब्दुल कुदुस निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक 16/04/2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमशः साजिदा मोइनी पत्नि स्व. श्री सैयद अब्दुल रहीम एवं सैयद कमल रहीम पुत्र स्व. सैयद अब्दुल रहीम निवासी (दोनों) अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। - योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, परबतसर जिला डीडवाना-कुचामन राज.

E-mail – npparbatsar@gmail.com Phone No. 01589-270141

क्रमांकः-नपाप./विकास शाखा/2025-26/1445 दिनांकः- 13.08.2025

ई-निविदा सूचना

नगरपालिका परबतसर के द्वारा नियमानुसार सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 14.08.2025 का 18:00 बजे से है तथा शेष विवरण व निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB UBN NO : DLB2526A4722

UBN NO : DLB2526SLOB14572

राज.संवाद/सी/25/8273 अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका परबतसर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ जिला (अजमेर) राज.

क्रमांक : न.प.कि/नाम हस्तांतरण/2025/1828 आम सूचना दिनांक : 13/08/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के आवासीय (भूखण्ड क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज) पर श्री सुनिल कुमार चौधरी पुत्र स्व. श्री भागचंद चौधरी ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक